# विद्यानिवास मिश्र जन्मशती पर संगोष्ठी का शुभारंभ

नई दिल्ली : साहित्य अकादमी द्वारा पंडित विद्यानिवास मिश्र की जन्मशती के अवसर पर दो दिवसीय संगोष्ठी का शुभारंभ बुधवार को रवींद्र भवन स्थित सभागार में हुआ। उद्घाटन सत्र में प्रख्यात आलोचक और अकादमी के पूर्व अध्यक्ष विश्वनाथ प्रसाद तिवारी ने कहा कि मिश्र के लेखन का केंद्र भारतीयता रही है। उन्होंने पत्रकारिता और साहित्य को नई दिशा दी। संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे अकादमी अध्यक्ष माधव कौशिक ने कहा कि जब देश फ्रायड और मार्क्स की विचारधारा में बह रहा था, तब विद्यानिवास मिश्र भारतीय चिंतन के वाहक बने रहे। (जासं)